दिन– गुरुवार | दिनांक– 12/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गम्भीर आरोप लगाये। सरकार ने आरोपों को निराधार बताया। कहा– श्री गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लाया जायेगा।

02. प्रदेश में शिक्षक बहाली के चौथे चरण के तहत छियालीस हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अगले माह शुरू होगी।

03. सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा बारहवीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑनलाईन स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया शुरू करेगा।

04. और, आईसीसी टी–20 विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला नामीबिया से होगा।

---

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार, बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा में निराधार बयान देने और सदन को गुमराह करने के आरोप में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लाएगी। मीडिया से बात करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ भी निराधार आरोप लगाए।

–––बाईट–––

श्री रिजिजू ने सवाल उठाया कि बिना कोई नोटिस दिए इतने गंभीर आरोप किस आधार पर लगाए गए। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में आरोपों को प्रमाणित करने के लिए प्रक्रिया और कार्य संचालन के स्पष्ट नियम हैं। श्री रिजिजू ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ भी बिना नोटिस दिए आरोप लगाए, जो विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में अध्यक्ष को आवश्यक नोटिस भेजेगी।

---

कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी दलों द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बजट सत्र के दूसरे चरण में विचार किया जाएगा। बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा।

---

विधानमंडल का बजट सत्र जारी है। इस दौरान विधानसभा और विधान परिषद में बजट पर चर्चा और कटौती प्रस्तावों पर वाद–विवाद के बीच कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

की गयी हैं। उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विधान परिषद में बताया कि भूमि सुधार जनसंवाद महाअभियान में अबतक छियालीस लाख आवेदन मिले हैं। इसमें चालीस लाख में नाम, पता और खाता संबंधित गड़बड़ियां पाई गयी हैं। उन्होंने कहा कि विवादित मामलों को राजस्व न्यायालय देखेगा, लेकिन जिन मामलों में विभागीय स्तर पर सुधार हो सकता है उसमें कार्रवाई की जा रही है।

———बाइट———

इधर, मद्य निषेध विभाग से जुड़े प्रश्न का उत्तर देते हुये प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार में मादक पदार्थों की तस्करी और उपयोग के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से अभियान चलायेगी।

———बाइट———

---

प्रदेश में शहरी सड़कों की ऊंचाई बढ़ाने से पहले विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने विधान परिषद में राजद के अब्दुल बारी सिद्दिकी के ध्यानाकर्षण का जवाब देते हुये कहा कि जिन सड़कों की ऊंचाई बढ़ने से जल–जमाव की समस्या हो रही है, वहां पुरानी सड़क को उखाड़ कर पहले के स्तर तक लाया जायेगा। मंत्री ने कहा कि इसके बाद सड़क निर्माण किया जायेगा। इस बीच, पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख सह अपर आयुक्त की ओर से जारी निर्देश के अनुसार प्रामाणिक अनुमति के बिना सड़कों की ऊंचाई नहीं बढ़ायी जायेगी। संबंधित अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी की व्यवस्था भी की जायेगी।

---

पटना–औरंगाबाद हरिहरगंज सड़क को फोन लेन में बदला जायेगा। पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने विधानसभा में बताया कि इस सड़क के चौड़ीकरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनायी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा गया था। पत्र का उत्तर मिलने के बाद केन्द्र ने डीपीआर की मांग की है। पटना को दक्षिण बिहार के प्रमुख जिलों से जोड़ने वाले इस सड़क के फोर लेन होने से आवागम सुगम होगा।

---

अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने कहा है कि एससी–एसटी के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा जायेगा। उन्होंने विधान परिषद में बताया कि इस वर्ग के छात्रों को केन्द्रीय योजना के तहत विदेश भेजा जायेगा। मंत्री ने कहा कि विभाग इस वर्ग की बेहतरी के लिए हर सम्भव कदम उठा

रहा है। श्री रौशन ने कहा कि छात्राओं के लिए सभी अड़तीस जिलों में सावित्री बाई फुले छात्रावास की स्थापना को भी मंजूरी दी गयी है।

---

पर्यटन मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने कहा है कि राजगीर में सूख रहे गर्म कुंड स्त्रोत की जांच करायी जायेगी। उन्होंने विधान परिषद में कुमार नागेन्द्र के एक सवाल के जवाब में कहा कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। मंत्री ने कहा कि गर्म कुंड के सौंदर्यीकरण, सड़क निर्माण, पार्किंग समेत पर्यटकों के लिए अन्य नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है।

---

प्रदेश में शिक्षक बहाली के चौथे चरण यानि टीआरई–फोर के तहत छियालीस हजार पदों पर नियुक्ति की जायेगी। बिहार लोक सेवा आयोग इस संबंध मार्च में विज्ञापन जारी करेगा। बीपीएससी के सचिव सत्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग से इन पदों पर नियुक्ति की अधियाचना मिल गयी है। आयोग के अनुसार शिक्षा विभाग के तहत संचालित कक्षा एक से बारहवीं के स्कूलों में विद्यालय अध्यापक की नियुक्ति की जायेगी। इन विद्यालयों में चौवालीस हजार पांच सौ शिक्षक पदों पर बहाली होगी। इसके साथ ही अनुसूचित जाति–जनजाति कल्याण विभाग और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत संचालित विद्यालयों में पन्द्रह सौ विद्यालय अध्यापक और प्रधानाध्यापक पदों पर भी नियुक्ति की अधियाचना प्राप्त हुई है। गौरतलब है कि तीन चरणों में अब तक दो लाख सत्ताईस हजार शिक्षकों की बहाली की जा चुकी है।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा बारहवीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑनलाईन–स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया लागू करेगा। हालांकि, कक्षा दसवीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले की तरह ही भौतिक रूप से किया जाएगा। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि बोर्ड ने दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस वर्ष की परीक्षा से मूल्यांकन की नई व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने इस वर्ष से कक्षा दसवीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की भी घोषणा की है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगी जो अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं। बोर्ड ने बताया कि वह कल सुबह ग्यारह बजे परीक्षा संचालन और ऑन–स्क्रीन मार्किंग के दिशानिर्देशों को समझाने के लिए एक लाइव वेबकास्ट का आयोजन किया जायेगा।

---

आइआईटी पटना के बिहटा परिसर में मेगा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जायेगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने एआई मिशन की बैठक में बताया कि इस सेंटर के निर्माण पर साठ करोड़ रूपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिये ग्यारह एकड़ भूमि चिन्हित की जायेगी। इस सेंटर के माध्यम से संसाधनों का अधिकतम उपयोग होगा और प्रदेश के विकास में उनकी भूमिका सुनिश्चित की जायेगी। श्री अमृत ने बताया कि एआई का उपयोग कर बाढ़ प्रबंधन और इसके पूर्वानुमान को सटीक बनाने के साथ ही कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्रों सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा।

---

नगर विकास एवं आवास विभाग ने सरकारी राशि के दुरूपयोग के आरोप में सहरसा नगर निगम की मेयर बैन प्रिया समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। मामले में नगर आयुक्त को अनुपालन रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। मेयर के खिलाफ स्ट्रीट लाईट, डेकोरेटिव लाईट के रख–रखाव और मेंटेनेंस के नाम पर प्रति माह पचास लाख रूपये के दुरूपयोग का आरोप है।

---

केन्द्र सरकार ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के गायन के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि जब भी राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान एक साथ गाए जाएं, तो राष्ट्रीय गीत के सभी छह छंद गाना अनिवार्य होगा। गृह मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राज्यपालों के संबोधन जैसे प्रमुख राजकीय अवसरों पर पूरे छह छंद वाला राष्ट्रीय गीत गाया जाना अनिवार्य होगा।

---

आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला नामीबिया से होगा। यह मैच शाम सात बजे से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जायेगा। आज के अन्य मैचों में श्रीलंका का मुकाबला ओमान से उनके घरेलू मैदान बालागोला में सुबह ग्यारह बजे से होगा। वहीं, मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में नेपाल का मुकाबला इटली से दोपहर तीन बजे से होगा।

---

खगड़िया के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने विभिन्न कांडों में बेहतर अनुसंधान करनेवाले छह पुलिस पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, एसपी के नेतृत्व में खगड़िया शहर में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

---

शिवहर जिला के तरियानी थाना क्षेत्र से पुलिस ने मुंबई में चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार अपराधी को एक किलो चांदी के साथ गिरफ्तार कर लिया।

---

वैशाली जिले में किसान रजिस्ट्री अभियान के तहत अबतक सबसे अधिक दो लाख छह हजार से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। जिले में छियानवे प्रतिशत किसानों का रजिस्ट्रेशन पूरा कर लिया गया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने शिक्षक भर्ती से जुड़ी खबर पर लिखा है–बीपीएससी को छियालीस हजार रिक्तियां भेजी गयीं।

दैनिक जागरण ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– ट्रेड डील से दाल बाहर, पांच सौ अरब डॉलर की खरीद भी जरूरी नहीं।

दैनिक भास्कर ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का शीर्षक लगाया है– पटना जिला परिषद के अध्यक्ष का फिर होगा चुनाव, दो साल से चल रहा था केस।

प्रभात खबर ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत का गायन।

आज अखबार लिखता है– लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की तैयारी।

राष्ट्रीय सागर लिखता है– यूजीसी रेगुलेशन दो हजार छब्बीस पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया केन्द्र और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को नोटिस।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गम्भीर आरोप लगाये। सरकार ने आरोपों को निराधार बताया। कहा– श्री गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लाया जायेगा।

02. प्रदेश में शिक्षक बहाली के चौथे चरण के तहत छियालीस हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अगले माह शुरू होगी।

03. सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा बारहवीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑनलाईन स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया शुरू करेगा।

04. और, आईसीसी टी–20 विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला नामीबिया से होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।